
# The Day Constitution was murdered :June 25, 1975



# संविधान की हत्या का दिन : २५ जून१९७५

## Publisher's Note...

This year marks the 30th anniversary of the imposition of the Emergency Rule in 1975. Coincidentally, it is also the Rajat Jayanti Year of the Bharatiya Janata Party. Although the BJP was not in existence then, we are proud of the fact that the Bharatiya Jana Sangh (the BJP's political predecessor) was in the forefront of the struggle against the Emergency regime and, along with other constituents of the Janata Party (into which the Jana Sangh merged itself in 1977), fought courageously - and successfully -- for restoration of democracy in India.

It is important to reflect today on the Emergency, which Prime Minister Indira Gandhi imposed during the night of June 25-26, 1975, to crush the movement led by Jayaprakash Narayan (JP) against corruption and misrule and for all-round empowerment of the people. All who believe in democracy and freedom accept that it remains the most shameful and dark interlude in India's post-Independence history. They are also united in their determination that it must never be allowed to revisit our democracy in the future.

This booklet also includes the Hindi version.

**Publisher**
**Bharatiya Janata Party**

# Emergency -
# The Country Can't Afford To Forget

June 25, 1975 - the day that should never have been in the annals of Indian history. It is indeed a black spot on the face of our country, our democracy and our traditions. It should best be ignored and forgotten. In thirty years we should have erased it from our memory as an aberration. But we could not. Not because we did not wish to forget it. But because the rulers who survived the ordeal let it not be a bygone era. But we cannot. With their words and actions our leaders every now and then continue to hammer on our heads not to let us forget it.

**HUMILIATED INDIRA DIDN'T LEARN A LESSON**

Even after a once most powerful and popular prime minister in the person of Mrs Indira Gandhi had been worst humbled by the people and a sitting prime minister for the first time not only lost majority in the elections but also herself faced the ignominy of being defeated, she did not have the guts to repent or apologise.

**DYNASTY NO DIFFERENT**

The present ruling dynasty continues to exhibit the same dynastic traits of arrogance, ego, lack of respect for law, constitution and democratic traditions. For it all these are not to be respected but to be used to promote its narrow political designs. They have failed to infuse a sense of faith in the masses that the same autocratic, dictatorial tendencies cannot - and will not -- even in a milder form surface in the country any time.

**NATION'S 1971 WAR VICTORY WENT INTO HER HEAD**

It is, therefore, necessary, to make the new generation of our young men aware of the horrendous



times the country was made to pass through during those times

In the aftermath of country's victory over Pakistan and creation of Bangladesh in 1971 the Congress won a landslide victory in elections to Parliament and States. India's victory was the result of a collective effort of all - the then leadership and the valour and determination of our armed forces strengthened by the resolve of a nation to teach its enemy a lesson for life. But the victory seemed to have gone into the head of Mrs Indira Gandhi who seemed to have taken it as a personal victory ignoring the great sacrifices made by our valiant and patriotic soldiers with the unstinted support of people from all walks of life, including the opposition. It inflated her ego and turned a democrat in her into a diehard autocrat dictator.

**INDIRA FAILED TO MANAGE POST-WAR SITUATION**

The Indira Government failed to come to terms with the social, political and economic situation that emerged in the aftermath of a war. The economy was shattered. Price rise and inflation witnessed the worst of times. Shortages of essential commodities rendered the life of the common man miserable. Corruption was rampant and uncontrolled. Worsening economic situation and uncontrolled corruption gave rise to social discontentment and strife. Mrs Indira Gandhi's infamous "gharibi hatao" slogan turned out to be a nightmare for people who had pinned great hopes in her.

**BECAME INTOLERANT OF OPPOSITION**

The Indira government indulged in a policy of repression and suppression. It became intolerant of the other point of view. For Indira Gandhi opposition became irrelevant, insignificant and an unnecessary evil. Those who raised their voice against the government were dubbed as anti-nationals, enemies of the people, CIA agents and what not. The sycophants in the Congress leadership gave the slogan: "India is Indira and Indira is India".

## DISCONTENTMENT GREW

People became restless and discontented. Students and social organisations raised a banner of revolt. It was at this juncture that the Sarvodaya leader Lok Nayak Jaiprakash Narayan who had so far kept himself aloof from the humbug of power politics could no longer ignore the call of his conscience. He gave a clarion call to the youth and every section of Indian people having love of the country uppermost in their heart to come out to realise the goal of total revolution - sampooran kranti.

## JP JUMPS IN

It was for the first time that student power under JP's leadership showed its mettle. It became so strong that it led to a fall of the government in Gujarat and violently shook the foundations of government in Bihar. The students and youth of Gujarat were the first to raise a banner of revolt against corruption in their State and formed Nav Nirman Samiti.

## REIGN OF TERROR LET LOOSE

As a counter the Indira government let loose a reign of terror and suppression. Hundreds of people were put behind bars. The then dreaded Maintenance of Internal Security Act (MISA) was used against political leaders in violation of the solemn assurance not to use against political opponents.

The response to the JP crusade against oppression, corruption and dictatorial regime of Congress at the Centre and the States was so massive that it soon converted itself into an all-India movement

## BHARTIYA JANA SANGH JOINS THE CRUSADE

Bhartiya Jana Sangh, the forerunner of the present Bhartiya Janata Party, extended its whole-hearted support to the JP movement. The then Socialist Party, Swatantra Party and many other State and national political outfits also jumped into the fray.

The turning point came in June 1975 when the



Allahabad High Court set aside the election of Mrs Indira Gandhi to Parliament on the ground of corrupt practices. Intoxicated by the political power, Mrs Indira Gandhi refused to yield and respect the verdict of the court or listen to any saner advice of reason.

## INDIRA DEFIES HIGH COURT JUDGEMENT

The Congress party has never respected the verdict of the courts. Had Mrs Gandhi bowed before the law of the land, the country would have been spared the agony and sufferings of Emergency and atrocities people faced.

Only a few months back the High Court had set aside the election of Congress MP A. N. Chawla on the same grounds. No eyebrows were raised then. It was only when the law pricked her own self that Mrs Gandhi made a hue and cry about it.

## INDIRA HAS FAITH IN NONE

Like all dictators, Mrs Indira Gandhi could countenance no opposition, no advice that militated against her lust for power and desire to stick to office. She became suspicious of her own top confidants and supporters. Her younger son, Sanjay Gandhi, though propped up into active politics to succeed her, was too young and inexperienced to take the place of his mother. Rajiv was then an Indian Airlines pilot. She turned down the sane advice of her well wishers to step down handing over the reigns of office to one of her top confidants till her appeal in the Supreme Court was decided.

In the middle of June 1975 JP organised a massive rally at Delhi in which people from all over the country converged demanding Mrs Gandhi's resignation. She staged a counter-rally in Delhi using the official machinery of the Congress State governments in the country to display her strength.

## ON JUNE 25 INDIA LOST WHAT SHE WON IN 1947

The dictator in Mrs Gandhi surfaced when to crush opposition with an iron hand, on June 25, 1975 she imposed

a state of Emergency, imprisoned thousands of opposition leaders and workers, media persons, and all those who had at one time or the other raised their voice against the dictatorial tendencies of the Congress. Fundamental rights were trampled down the feet of the rulers. Complete censorship was imposed on the media. Nobody could dare to speak or write against the Congress or its government even by implication. Freedom of thought, speech and expression were snatched from the people. And above all, numerous atrocities were perpetrated on the people. Perhaps India had not gone through this type of ordeal of a dictatorship and brutalities even at the hands of foreign aggressors and invaders during the last about 1200 years under foreign domination. On that dark night, India lost all she had won on August 15, 1947 by throwing out the alien rule.

**TIMES WORST THAN ALIEN RULE**

With the opposition in jails, a pliant President too eager to sign on the dotted lines, a docile bureaucracy and a judiciary handicapped by suspension of fundamental rights and other laws, Mrs Indira Gandhi let loose a reign of terror for 18 months till she announced elections in January 1977. Innumerable atrocities were committed on the people. Forcible sterilisation operations were conducted even on the aged and unmarried men and women. Police then became an instrument of terror and harassment. Nobody's life and honour was safe.

**ROLE PLAYED BY THE RSS AND OTHER NATIONALIST FORCES**

The RSS silently organised a massive protest against Emergency. It was banned, its offices were locked and sealed, its important leaders and scores of activists were sent to jails. Still undeterred, the RSS organised a massive satyagrah, lakhs of swayam sevaks and supporters of it courted arrest demanding withdrawal of emergency. It ran underground newspapers to keep the countrymen posted of what is happening and also to instil confidence



among the people kept in detention. Bulletins like Vandemataram, giving latest information and progress of the movement were also made to reach inmates in jail through well wishers in the administration.

Indian Express, the newspaper founded by Shri Ramnath Goeonka, was in the forefront and stood steadfast supporting JP movement and opposing the emergency. Any amount of pressure could not deter Shri Ram Nath Goenka so much so various newspapers in different parts of the country, though small in number, also raised their voice and supported the movement.

Lok Sangharsh Samiti was formed at the call of Shri JP in which the RSS and Jana Sangh supporters played a major role by organising underground movement. Students used to writee anti-emergency slogans on the walls during nights and used to distribute pamphlets in public places. Literature was made available to the people through underground activity.

Opposition leaders, like Shri Atal Bihar Vajpayee, Shri Lal Krishna Advani, Shri Madhu Dandavathe, Shri Morarji Desai and scores of activists of nationalist organisations like RSS, ABVP were put behind bars. Thousands of people not only courted arrest but also suffered torture meted out to them. Shri George Fernandes and his associates played a heroic role against emergency.

**THE GREAT BETRAYAL BY COMMUNISTS**

The Communist Party, as usual, played the role of Her Majesty's Loyal Opposition and supported emergency. A minor section of them realised later and supported the movement against emergency.

**PRESENT TIMES NO DIFFERENT**

Congress preaches others to respect the court verdicts. But it has never practised what it preached. To appease the minority community it enacted a law to fructify the court verdict in the famous Shah Bano case.

Congress has never got itself attuned to listening to

a voice of dissent. It cannot tolerate a government that is not either of its own party or pliable to its dictates. More than 150 times has it imposed President's rule in non-Congress States only to weaken the opposition and stifle its voice. Mrs Indira Gandhi even went to the extent of imposing President's rule in UP on the basis of a command report from the then Governor to get rid of an inconvenient Congress chief minister Shri Hemvati Nanand Bahuguna although the Congress party enjoyed an overwhelming majority.

The same story is getting repeated today. We still continue to witness the same authoritative, autocratic, fascist, dictatorial tendencies manifesting in the Congress leadership today. The instances are numerous to quote.

**DEFILING PEOPLE'S MANDATE IN GOA & JHARKHAND**

The first manifestation was the removal of NDA appointed governors. The opposition apprehensions were further strengthened when it appointed hard core Congressmen as Governors in BJP-ruled States. With active connivance of this coterie of Governors faithfully obedient to Congress it succeeded first in destabilising BJP government in Goa. Later, ignoring the claim of NDA that had majority from day one, it imposed a Shiboo Soren government in Jharkhand although it never enjoyed majority. In Bihar it misused the office of Governor to defy the verdict of the people and impose President's rule just to prevent the NDA from forming a popular government there.

**TAINTED MINISTERS**

It was for the first time in the history of the country that a 'decent' prime minister is sharing ministerial berths with persons who have been charge-sheeted or are facing charges of heinous crimes, like murder, rape, dacoity, extortion, abduction, mafia connections, corruption, living beyond known sources of income and other crimes in various courts.



**SAVING CONGRESSMEN, HARASSING NDA MINISTERS**

The present Congress rulers continue to behave like autocratic feudal rulers who thought their word was the ultimate word of god and law. On the one hand, Congress is protecting leaders with criminal records and withdrawing criminal cases involving corruption charges against its own leaders, like Capt. Satish Sharma, and indulging in "judicial burial" of corruption cases, like the too well known Bofors case, and is sitting tight over the Nanavati Commission report on anti-Sikh riots because, according to reports, it has commented adversely against certain important political leaders. On the other hand, out of sheer vindictiveness it is trying to engineer criminal cases against former NDA ministers. It has rejected the Phukan Commission report exonerating the former Defence Minister George Fernandes and ordered registration of a CBI inquiry against him, because it did not serve the political objectives of Congress.

Although a judicial inquiry is already on into the whole gamut of what happened in Godhra and subsequent riots in Gujarat, UPA has appointed a parallel committee to inquire into these incidents with ulterior political motives.

**PARLIAMENT NOT ALLOWED TO FUNCTION**

During the last one year, because of the stubborn and intransigent attitude of Congress-led UPA government, Parliament has not been able to function smoothly. It was for the first time that Budget had to be passed without participation of the Opposition. It is the duty of the ruling party to manage the House and create conditions conducive to its functioning smoothly. In a healthy democracy it is incumbent on a ruling party to take the opposition along. During the NDA rule many a times such situations did arise when business of the house could not be transacted because of disruption or boycott by opposition. But each time without standing on prestige and by adopting a healthy attitude of give-and-take NDA was able to break the ice

and make the opposition play its constitutional role.

**UPA ARROGANT & STUBBORN**

Parliament has not been able to function smoothly because of arrogance of power displayed by UPA, an attitude which has no place in a democracy. It is the duty of the Opposition to oppose the ruling party but it is not the duty of the ruling party to oppose the opposition, as the UPA has been doing. Opposition may be an inconvenient roadblock in a ruling party's autocratic designs, yet in a democracy it continues to be as important as the ruling party itself. Opposition certainly is not an enemy to any one, not even to the ruling party. When senior NDA leaders, like even Shri Atal Bihari Vajpayee, were prevented from speaking in the House, the opposition was left with no alternative but to boycott the house. It could certainly not afford to put up with humiliation to elected representatives, as much representative of the people as is the ruling party. From the behaviour of the ruling alliance, it looked as if it was not at all interested in ensuring the presence of the opposition in Parliament and wanted to run the house unilaterally.

**UPA TREATS OPPOSITION AS ENEMY, IRRELEVANT**

Even if we wish to forget the Emergency era, forgive it, the present Congress leadership leading the UPA seems hell-bent not to allow us to do so. It continues to remind the country that Emergency may have been withdrawn after the people gave a crushing defeat to the then Congress under Shrimati Indira Gandhi but the situation has changed for the better for them. They keep on hammering out the message: Never forget June 25.

♦♦♦



# देश आपात्काल को भूलने की भूल कभी नहीं कर सकता

जून २५, १९७५ - यह दिन जो देश के इतिहास के पन्नों पर होना ही नहीं चाहिये था। यह दिन तो वस्तुतः हमारे देश, हमारे प्रजातन्त्र और हमारी परम्पराओं के नाम पर एक कलंक है। अच्छा तो यही होता कि इसे तो नज़रअन्दाज़ ही कर दिया जाये या भुला ही दिया जाये। तीस वर्ष बीत जाने के बाद तो इसे हमारी स्मृति से ही मिट जाना चाहिये था मानो कि यह एक अपवाद था, कुछ समय के लिये पथभ्रष्टता का नमूना। पर हम यह कर न पाये। इसलिये नहीं कि हम इसे भूलना नहीं चाहते। पर इसलिये कि जो कांग्रेसी शासक इस त्रासदी की धूल से उपजे उन्होंने इस काल को गुजरी घटना बनने ही नहीं दिया। अपने शब्दों और कारनामों से हमारे वर्तमान कांग्रेसी शासक हमारे दिमाग़ पर बार-बार चोट कर हमें याद दिलाते रहते हैं कि आपात्काल को भूलने की कभी भूल मत कर बैठना।

## चुनाव में अपमानित इन्दिरा ने सबक नहीं लिया

एक समय देश की सब से सशक्त और लोकप्रिय नेता श्रीमति इन्दिरा गांधी की पार्टी को जनता ने लोक सभा चुनाव में ही धूल नहीं चटाई बल्कि स्वयं उनको भी एक अपमानजनक हार का कड़वा सत्य चखा दिया। इन्दिरा को फिर भी समझ नहीं आई और उन्होंने न तो खेद ही व्यक्त किया और न क्षमा ही मांगी।

## शासक परिवार उसी लीक पर

वर्तमान कांग्रेसी शासक वंशावलि आज भी घमण्ड, अहम्, और कानून, संविधान एवं जनतान्त्रिक परम्पराओं में अविश्वास की अपने पुरानी मनःस्थिति और पुराने ढर्रे पर चलता आ रहा है। उसके लिये यह सब सम्मान की नहीं अपितु अपने संकीर्ण राजनैतिक उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिये दुरूपयोग की चीज़ें हैं। यह वंशावलि आज भी देश की जनता के मन में यह विश्वास जगाने में विफल रही है कि १९७५ वाली निरंकुश व तानाशाही प्रवृत्तियां कभी भी किसी भी सूरत में पनपने नहीं दी जायेंगी।

## १९७१ की विजय इन्दिरा के सिर पर चढ़ गई

इसलिये यह अति आवश्यक हो गया है कि अपने युवाओं की वर्तमान पीढ़ी को शिक्षित किया जाये कि आपात्काल में देशवासियों को तब किस प्रकार की भयावह परिस्थियों से गुज़रना पड़ा था।

पाकिस्तान के साथ १९७१ के युद्ध में विजय व बांग्लादेश के जन्म से राष्ट्र

की विजय के फलस्वरूप कांग्रेस पार्टी को लोकसभा व विधानसभा चुनावों में बहुत भारी विजय मिली। वस्तुतः किसी व्यक्ति या राजनैतिक दल विशेष की विजय न हो कर समूचे राष्ट्र की विजय थी। यह विजय थी तत्कालीन नेतृत्व की, हमारी सेनाओं के साहस की, उनकी बहादुरी की, उनकी देशभक्ति की और दुश्मन को मज़ा चखाने की राष्ट्र की निश्चयशक्ति की जिसे श्रीमति इन्दिरा गांधी अपनी निजि व्यक्तिगत विजय मान बैठीं और हमारी सेनाओं द्वारा किये गये अनगिनत बलिदानों, और विपक्ष व देश के हर कोने से हर नागरिक के विपुल समर्थन की अनदेखी कर दी। इससे उनका अहंकार और भी आसमान चढ़ गया और वह हठधर्मी निरंकुश तानाशाह बन बैठीं।

## युद्ध उपरान्त स्थिति से निपटने में इन्दिरा विफल

देश में युद्ध के उपरान्त उपजी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति से निपटने में श्रीमति इन्दिरा गांधी विफल रहीं। देश की अर्थव्यवस्था टूट गई। कीमतें आसमान छूने लगी और मुद्रास्फीति की दर दिनोंदिन बढ़ने लगी। उससे ऊपर प्रतिदिन उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुओं की कमी ने आम आदमी का जीना हराम कर दिया। चारों ओर भ्रष्टाचार का ही बोलबाला था और उस पर कोई लगाम नहीं कसी जा रही थी। बिगड़ती आर्थिक स्थिति और बढ़ते भ्रष्टाचार ने सामाजिक असंतोष और बेचैनी को हवा दी। श्रीमति गांधी का ''गरीबी हटाओ'' नारा उस जनता के लिये एक छलावा बनकर रह गया जिसने उनसे बहुत आशाएं रख कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाया था।

## इन्दिरा को विपक्ष से नफरत

इन्दिरा सरकार ने दमनचक्र का सहारा लिया। वह दूसरे पक्ष को सुनने को तैयार ही न थी। श्रीमति गांधी के लिये विपक्ष तो बस एक निरर्थक, प्रभावहीन और अनावश्यक विपदा बन गई। जिन्होंने भी सरकार के विरूद्ध आवाज़ बुलन्द की उन्हें राष्ट्रविरोधी, जनता का शत्रु और सीआईए एजैन्ट होने तक का तमगा दे दिया गया। कांग्रेस नेतृत्व में कुछ पाखण्डियों ने तो ''इन्दिरा को भारत और भारत को इन्दिरा'' तक बना डाला।

## जनाक्रोश बढ़ता ही गया

जनता में बेचैनी और असन्तोष बढ़ने लगा। विद्यार्थियों और सामाजिक संस्थाओं ने विद्रोह का झण्डा खड़ा कर रख दिया। तब ऐसा समय आ गया कि प्रख्यात सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण जिन्होंने सारा जीवन ही अपने आप को सत्ता की राजनीति से दूर रखा था वह देश के बिगड़ते हालात देखकर अपनी अन्तरात्मा की आवाज़ सुनकर इस आन्दोलन में कूद पड़े। उन्होंने युवाओं और देश के हर वर्ग को आह्वान दिया कि जिस के मन में देशहित व देशप्रेम ही सर्वोपरि है वह सम्पूर्ण क्रान्ति के लक्ष्य की प्रप्ति के लिये आगे आये।

## जेपी मैदान में कूदे

यह पहला अवसर था जब युवाशक्ति ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में अपना लोहा दिखाया। यह आन्दोलन इतना सशक्त हो उठा कि उसने गुजरात



में कांग्रेस सरकार को गिरा दिया और बिहार सरकार की जड़ें हिला कर रख दीं। विद्यार्थी व युवा वर्ग ने देश में प्रथम बार गुजरात में भ्रष्टाचार के विरूद्ध झण्डा खड़ा करने की पहल की और नवनिर्माण समिति का गठन किया।

## जनता पर आतंक का कहर टूटा

इस जन आन्दोलन को कुचलने के लिये इन्दिरा सरकार ने जनता पर आतंक और दमन का कहर ढा दिया। सैकड़ों लोगों को जेलों में ठूंस दिया गया। तब भयावह मीसा कानून को राजनैतिक नेताओं पर दमन के लिये प्रयोग में लाया गया हालांकि जब यह कानून पास हुआ था तो सरकार ने सदन में आश्वासन दिया था कि इस कानून को राजनैतिक विरोधियों के विरूद्ध प्रत्युक्त नहीं किया जायेगा।

राज्यों व केन्द्र में कांग्रेस की भ्रष्टाचारी व दमनकारी सरकारों के विरूद्ध जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को इतना भारी समर्थन मिला कि उसने शीघ्र ही एक राष्ट्रव्यापी सशक्त जनान्दोलन का रूप धारण कर लिया।

## भारतीय जनसंघ भी आन्दोलन में कूदा

तत्कालीन भारतीय जनसंघ जिसका बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में में पुनर्जीवन हुआ, ने भी इस आन्दोलन को भरपूर समर्थन दिया। तत्कालीन सोशलिस्ट पाटी, स्वतन्त्र पार्टी, तथा देश-प्रदेश के अनेक राजनैतिक दल भी जेपी आन्दोलन के समर्थन में कूद पड़े।

इस आन्दोलन में ज़बरदस्त मोड़ तब आया जब जून १९७५ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भ्रष्ट आचरण के आरोप सिद्ध हो जाने पर श्रीमति इन्दिरा गांधी का लोक सभा के लिये चुनाव ही अवैध घोषित कर दिया। श्रीमति गांधी ने न्यायालय के निर्णय का आदर करने और अपने ही सहयोगियों की ठीक सलाह मानने से भी इनकार कर दिया।

## इन्दिरा द्वारा न्यायालय के आदेश की अवज्ञा

कांग्रेस पार्टी ने कभी न्यायालयों के आदेश का आदर नहीं किया है। यदि श्रीमति गांधी तब न्यायालय के निर्णय व आदेश का आदर करतीं तो देश आपात्काल की भयावह पीड़ा व उस समय जनता को जो यातनायें सहनी पड़ी थीं उनसे बच गया होता।

इससे कुछ मास पूर्व ऐसे ही आरोपों के आधार पर उच्च न्यायालय कांग्रेस के एक सांसद श्री अमरनाथ चावला का लोकसभा के लिये चुनाव अवैध घोषित कर चुका था। पर तब किसी ने उस निर्णय पर उंगली नहीं उठाई। बावेला तो तब मचाया गया जब कानून की सूई ने श्रीमति गांधी के शरीर को ही चुभोया।

## इन्दिरा का विश्वास किसी पर नहीं

हर तानाशाह की तरह ही श्रीमति इन्दिरा गांधी किसी प्रकार का विरोध या ऐसा परामर्श सुनने को तैयार नहीं थी जो उनकी सत्ता के लोभ को पूरा न करता हो और सत्ता से चिपके रहने के उनके मनसूबे के विरूद्ध हो। उन्हें अपने प्रबल समर्थकों व विश्वासपात्रों पर ही सन्देह होने लगा। उन्होंने अपने उन हितैषियों

की बात भी न सुनी जिन्होंने उन्हें सलाह दी कि वह तब तक के लिये सत्ता अपने किसी विश्वासपात्र को सौंप दें जब तक कि उनकी अपील पर उच्चतम न्यायालय निर्णय नहीं सुना देता।

जून १६७५ के मध्य में श्री जयप्रकाश नारायण ने दिल्ली में एक विशाल रैली का आयोजन किया जिस में समूचे देश से आये अभूतपूर्व जनसमूह में श्रीमति गांधी के त्यागपत्र की मांग की गई। श्रीमति गांधी ने इसके मुकाबले में केन्द्र व प्रदेशों में कांग्रेस सरकारों की सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर दिल्ली में अपनी जनशक्ति का प्रदर्शन करने के लिये एक रैली की।

## १ जून १६७५ को भारत ने वह सब खोया जो १६४७ में पाया था

श्रीमति इन्दिरा गांधी के अन्दर का तानाशाह तब बाहर आ खड़ा हुआ जब उन्होंने २५ जून १६७५ को अपने विरूद्ध उमड़े अभूतपूर्व जनाक्रोश को सख्ती से कुचल देने के मनसूबे से सारे देश में आंतरिक आपात्काल लागू कर दिया, हज़ारों विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं तथा पत्रकारों और अन्य सभी को जिन्होंने कभी उनका विरोध किया था, उन्हें जेलों में ठूंस दिया। मानवाधिकारों को शासकों ने अपने पांव तले रौंद डाला। समाचार माध्यमों पर पूर्ण सैंसरशिप लगा दिया गया। कोई भी कांग्रेस या इसकी सरकार के विरूद्ध न बोल सकता था और न लिख सकता था। विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार छीन लिया गया। उससे भी ऊपर, जनता पर अनेकों प्रकार के अत्याचार ढाये गये। ऐसा आतंक व दमनकारी चक्र तो देश ने तब भी शायद नहीं देखा था जब देश विदेशियों का गुलाम था। उस काली रात को राष्ट्र ने वह सब कुछ खो दिया था जो उसने विदेशी साम्राज्य को खदेड़ कर १५ अगस्त १६४७ को पाया था।

## समय विदेशी गुलामी से भी भयावह

वह ऐसा समय था जब विपक्ष जेल की सलाखों के पीछे बन्द था, तत्कालीन दब्बू राष्ट्रपति जो श्रीमति इन्दिरा गांधी के इशारे पर किसी भी कागज़ पर आंख मूंदे अपने हस्ताक्षर करने के लिये सदैव आतुर बैठे थे, नौकरशाही नतमस्तक थी और न्यायव्यवस्था मानवाधिकारों व अन्य कानूनी प्रावधानों के निलम्बन से लाचार थी। ऐसे समय में श्रीमति इन्दिरा गांधी ने देश में अत्याचारों व दमन का आतंक मचा दिया था। तब जबरदस्ती लोगों की नसबन्दी कर दी गई, अनेकों बूढ़ों और अविवाहित नौजवानों की भी। तब पुलिस आतंक और अत्याचार का दूसरा नाम बन गई। तब किसी की जान या उसकी सम्पत्ति सुरक्षित नहीं रह गई थी। जनवरी १६७७ में १८ मास के बाद उन्होंने अन्ततः चुनाव करवाने का जुआ खेल ही लिया इस गलतफहमी में कि जनता उनके साथ है।

## आरएसएस तथा अन्य राष्ट्रभक्त शक्तियों की भूमिका

संघ परिवार ने आपात्काल के विरूद्ध चुपचाप एक जबरदस्त विरोध आन्दोलन चलाया। आरएसएस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया, उसके कार्यालयों पर ताले लगा कर सील कर दिया गया, इसके प्रमुख नेताओं व स्वयंसेवकों को जेल में बन्द कर दिया गया। पर संघ कार्यकर्ता इन दमनकारी हरकतों से



विचलित नहीं हुये और उन्होंने एक जबरदस्त सत्याग्रह चालू किया। लाखों स्वयंसेवकों व समर्थकों ने आपात्काल को समाप्त करने की मांग करते हुये गिरफ्तारी दी। संघ ने इसी दौरान भूमिगत समाचारपत्रों आदि के प्रकाशन की व्यवस्था कर सूचना प्रदान करने का प्रबन्ध किया ताकि देशवासियों को पता चलता रहे कि क्या हो रहा है और जिन व्यक्तियों को जेलों में ठूंसा गया था उनका मनोबल बना रहे। प्रशासन में अपने सम्पर्क सूत्रों के माध्यम से वन्दे मातरम् सरीखे बुलेटिन का प्रकाशन कर जेल में बन्दी लोगों को आन्दोलन की प्रगति की सूचना प्रदान करने का प्रबन्ध बनाये रखा गया।

अंग्रेजी के दैनिक इण्डियन ऐक्सप्रैस जिसके प्रणेता श्री रामनाथ गोयनका थे, वह जेपी आन्दोलन का पूरा समर्थन करने और आपात्काल के विरोध में बड़ी दिलेरी से डटे रहे।

श्री जयप्रकाश जी के आह्वान पर एक लोक संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसे भारतीय जनसंघ व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने भूमिगत आन्दोलन को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्याथी वर्ग रात को दीवारों पर आपात्काल विरोधी नारे लिख देता था और दिन को जन स्थानों पर पैम्फलेट बांटते फिरते थे। जनता को भूमिगत माध्यम से आपात्काल विरोधी साहित्य पहुंचाया जाता था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री लाल कृष्ण आडवाणी, श्री मधु दण्डवते, श्री मोरारजी देसाई तथा अन्य राष्ट्रवादी नेताओं व आरएसएस व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसी संस्थाओं के नेताओं को जेलों में बन्द कर दिया गया था। हजारों लोगों ने अपनी गिरफ्तारी ही नहीं दी उन पर अनेक अमानवीय अत्याचार भी किये गये। श्री जार्ज फर्नाडीस तथा उनके सहयोगियों ने आपात्काल के विरोध में एक नायक की भूमिका निभाई।

## वामपन्थियों की विश्वासघाती भूमिका

सदा की तरह वामपन्थियों ने साम्राज्ञी के वफादार विपक्ष की भूमिका निभाई और आपात्काल का समर्थन किया।

बाद में इन में से इक्का-दुक्का लोगों को समझ आ गई और उन्होंने आपात्काल के विरूद्ध आन्दोलन को अपना समर्थन दिया।

## वर्तमान समय में कोई बदलाव नहीं

कांग्रेस पार्टी दूसरों को तो न्यायालय के निर्णय व आदेशों का आदर करने की सीख देती है पर स्वयं कभी इस सीख पर अमल नहीं करती। अल्पसंख्यक वर्ग के तुष्टीकरण हेतु इसने विख्यात शाह बानों मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को भी उल्ट कर रख दिया।

कांग्रेस आज तक अपने आपको विसम्मत आवाज को सुनने की आदी नहीं बना पाई है। यह किसी ऐसी सरकार को बर्दाश्त ही नहीं कर सकती जो या तो इसकी अपनी पार्टी की न हो या उसकी हां में हां मिलाने वाली न हो। केवल विपक्ष की आवाज को दबाने के उददेश्य से उसने अब तक लगभग १०० से

अधिक बार विपक्षी सरकारों को गिराने के लिये धारा ३५६ का दुरुपयोग कर विभिन्न प्रदेशों में राष्ट्रपति शासन लागू किया है। श्रीमति इन्दिरा गांधी ने तो अपनी ही पार्टी के एक मुख्य मन्त्री श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा को हटाने के लिये अपने राज्यपाल से रिपोर्ट लेकर कुछ समय के लिये राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया था हालांकि कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त था क्योंकि वह बहुगुणा से छुटकारा पाना चाहती थीं।

आज वही कहानी फिर दोहराई जा रही है। वही पुरानी तानाशाही, फासिस्ट, अहंकारी प्रवृतियां आज भी उजागर हो रही हैं। बेशुमार उदाहरण दिये जा सकते हैं।

## गोवा व झारखण्ड में जनादेश का अपमान

इन प्रवृतियों का पहला उजागरीकरण था राजग द्वारा नियुक्त राज्यपालों को हटाने का। कांग्रेस की मंशा तब और भी स्पष्ट हो गई जब उसने उनके स्थान पर भाजपा शासित राज्यों में विश्वस्त कांग्रेसी नेताओं को राज्यपाल नियुक्त किया। कांग्रेस के इन वफादार राज्यपालों की जुण्डली के माध्यम से पहले तो कांग्रेस ने गोवा में भाजपा सरकार को असंवैधानिक तरीके से अपदस्थ किया। फिर राज्यपाल के बलबूते पर राजग के स्पष्ट बहुमत की अनदेखी कर झारखण्ड में शिब्बू सोरेन सरकार को शपथ दिला दी। बिहार में जनादेश की अवहेलना करते हुये राज्यपाल के माध्यम से कांग्रेस ने बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया ताकि राजग की लोकतान्त्रिक सरकार न बनने पाये।

## दागी मन्त्री

राष्ट्र के इतिहास में यह पहला अवसर है जब कि कोई स्वच्छ छवि वाला प्रधान मन्त्री उन व्यक्तियों से अपने मन्त्रिमण्डल की शोभी बढ़ा रहा है जिनके विरूद्ध अनेक अदालतों में भ्रष्टाचार, हत्या, बलात्कार, माफिया सम्बन्ध, डकैती, अपहरण जैसे गम्भीर मुकदमें चल रहे हैं।

## कांग्रेसी बचाओ, विपक्ष फंसाओ अभियान

वर्तमान कांग्रेसी शासक आज भी निरंकुश सामन्ती शासकों की तरह व्यवहार कर रहे हैं जो समझते थे कि उनका फरमान ही कानून और ईश्वर का आदेश है। एक ओर तो कांग्रेसी शासक कैप्टन सतीश शर्मा सरीखे कांग्रेसी नेताओं को भ्रष्टाचार के मुकदमों से बचाने और बोफोर्स घोटाले जैसे मामलों को दबाने का प्रयास कर रहे है और नानावती आयोग की रिपोर्ट को दबाये बैठे है क्योंकि इसमें सिक्ख विरोधी दंगों में कुछ कांग्रेसी नेताओं के विरूद्ध टिप्पणियां की गई बताई जाती हैं तो दूसरी ओर राजग के पूर्व मन्त्रियों को जबरदस्ती किसी प्रकार मनघड़न्त मामलों में फंसाने का दिन-रात प्रयास कर रही है। फूकन आयोग की रिपोर्ट को उसने केवल इस कारण अस्वीकार कर दिया है क्योंकि वह इसके राजनैतिक उद्देश्य प्राप्ति में बाधक है और उसने श्री जार्ज फर्नाडीस को क्लीन चिट दे दिया है। अब उसने उनके विरूद्ध सीबीआई जांच के आदेश दे दिये हैं।



## संसद को चलने नहीं दिया

पिछले एक वर्ष से कांग्रेस के नेतृत्व में चल रही यूपीए सरकार की हठधर्मी और अड़ियल रवैये के कारण संसद सुचारू ढंग से नहीं चल पा रही है। इतिहास में प्रथम बार बजट बिना बहस के विपक्ष की अनुपस्थिति में ही पास करवाना पड़ा। यह शासक दल का कर्तव्य बनता है कि वह ऐसा माहौल पैदा करे जिससे कि सदन सुचारू ढंग से चल सके। एक स्वस्थ प्रजातन्त्र में शासक दल का यह कर्तव्य बनता है कि वह विपक्ष को अपने साथ लेकर चले। राजग शासनकाल में भी ऐसी स्थिति कई बार बनी जब सदन में हंगामा हुआ या विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया। लेकिन हर बार राजग ने लचीला और संवेदनशील रूख अपना कर विपक्ष को सदन में लाने का रास्ता ढूंढा।

## यूपीए घमण्डी व हठधर्मी

संसद सुचारू ढंग से नहीं चल पा रही है क्योंकि कांग्रेस सदन में अपनी हेकड़ी और हठधर्मी पर अड़ी हुई है। ऐसे व्यवहार का लोकतन्त्र में कोई स्थान नहीं है। सरकार की आलोचना करना तथा उसका विरोध करना विपक्ष का संवैधानिक कर्तव्य है, लेकिन विपक्ष का ही विरोध करना शासक दल का कर्तव्य नहीं है। पर यह सब यूपीए बखूबी कर रही है। विपक्ष शासक दल के निरंकुश मनसूबों की प्राप्ति के रास्ते में रोड़ा तो हो सकता है लेकिन लोकतन्त्र में यह उतना ही महत्व रखता है जितना कि शासक दल। विपक्ष किसी का भी न शत्रु है और न ही हो सकता है, शासक दल का भी नहीं। जब राजग के श्री अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे वरिष्ठ नेता को ही सदन में अपनी बात कहने से रोका गया तो विपक्ष के पास सदन का वहिष्कार करने के अतिरिक्त कोई चारा ही न रह गया था। विपक्ष जनता द्वारा चुने हुये प्रतिनिधियों का और अधिक अपमान सहन नहीं कर सकता था क्योंकि विपक्ष भी जनता का उतना ही प्रतिनिधि है जितना कि शासक दल। यूपीए के आचरण से ऐसा आभास मिलता है कि जैसे वह सदन में विपक्ष की उपस्थिति चाहता ही नहीं है और सदन को उसकी अनुपस्थिति में ही चला कर अपनी मनमानी करना चाहता है।

## यूपीए की दृष्टि में विपक्ष विसंगत व शत्रु

यदि हम आपातकाल के काले अध्याय को भूलना भी चाहें तो कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व इस बात पर तुला हुआ है कि हम ऐसा न कर सकें। यह देश और जनता को बराबर याद करवाना चाहता है कि तत्कालीन कांग्रेस की चुनाव में करारी हार के बाद हालांकि श्रीमति इन्दिरा गांधी को आपातकाल समाप्त करने पर बाधित होना पड़ा हो पर अब कांग्रेस के लिये स्थितियां अनुकूल हो गई हैं। अपने कार्यकलाप से वह डंके की चोट से सन्देश देते फिरते हैंः **जून २५ को भूलने की गलती मत कर बैठना!**

♦♦♦